

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-04 बुधवार, दिनांक-24 फरवरी, 2021 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.35 बजे अपराह्न तक ।**

प्रश्नकाल प्रारंभ होते ही कतिपय विरोधी दल के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोर-गुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा कहा गया कि आप अपनी बातों को सही समय पर उठायें तथा उन्हें अपने-अपने स्थान पर वापस जाने का अनुरोध किया गया ।

तत्पश्चात् माननीय सदस्यगण अपने-अपने स्थान पर वापस चले गए ।

[1] **प्रश्नकाल** :-

प्रश्नकाल के दौरान आसन से माननीय सदस्यों के लिए निम्न निदेश दिए गए ।

''माननीय सदस्यगण, माननीय सदन नेता, माननीय नेता प्रतिपक्ष या माननीय मंत्री जब बोल रहें हो तो आप गंभीरता के साथ इनकी बातों को ग्रहण करें । आपका व्यवहार सदन की गरिमा को बढ़ाने वाला होना चाहिए यह अवसर आपको मिला है । अपने स्थान से बैठे-बैठे कभी न बोलें, सत्ता पक्ष हो या विपक्ष हो अपने से वरिष्ठ सदस्य की बातों को सुने, आपके व्यवहार से सदन का प्रकाश पूरे बिहार में फैलेगा इसका ध्यान रखें ।

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 13 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iii) 144 तारांकित प्रश्न अनागत ।

तारांकित प्रश्न संख्या-169 के निस्तारण के दौरान आसन द्वारा पुन: माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गय कि उनकी अनुमति के बगैर खड़े न हों ।

प्रश्नकाल की समाप्ति के उपरांत आसन द्वारा माननीय मंत्रीगण के संदर्भ में बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-93 का हवाला देते हुए कहा कि जिन प्रश्नों के उत्तर

मंत्रीगण सदन में देना चाहते हैं, वे जबतक इनके उत्तर वस्तुतः सदन में नहीं देते हैं या उन्हें मेज पर नहीं रखते हैं तब तक वे उत्तर प्रकाशनार्थ मुक्त नहीं किए जायगें ।

[2] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री समीर कुमार महासेठ
(ii) श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी
(iii) श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह
(iv) श्री विजय कुमार खेमका
(v) श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव
(vi) श्री शमीम अहमद
(vii) श्री आनंद शंकर सिंह
(viii) श्री मुकेश कुमार यादव
(ix) श्री कुमार शैलेन्द्र
(x) श्री अरूण सिंह
(xi) श्री सुदामा प्रसाद
(xii) श्री अजय कुमार
(xiii) श्री पवन कुमार यादव
(xiv) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xv) श्री अखतरूल ईमान
(xvi) श्री अजीत कुमार सिंह
(xvii) श्री प्रकाश वीर
(xviii) श्री विद्या सागर केशरी
(xix) श्री रत्नेश सादा
(xx) श्री अजय कुमार सिंह
(xxi) श्री चेतन आनन्द

[3] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री विजय कुमार खेमका एवं अन्य सभासदों का गृह विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री विजय कुमार खेमका द्वारा पढ़ा गया एवं माननीय प्रभारी मंत्री, गृह विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री महबूब आलम एवं अन्य सभासदों का समाज कल्याण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री महबूब आलम द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग, श्री मदन सहनी द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 02.40 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[4] **वित्तीय कार्य :-**

माननीय उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री, श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा वित्तीय वर्ष-2020-21 के आय व्ययक से संबंधित द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी को सदन में उपस्थापित किया गया ।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग द्वारा सदन की पहली पाली में दिए गए वक्तव्य का विरोध करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से बार-बार अनुरोध किया गया कि वे अपने-अपने स्थान पर जाकर अपनी बातों को कहें ।

माननीय सदस्य, श्री सत्यदेव राम द्वारा कहा गया कि मंत्री द्वारा गैर जरूरी बात बोल कर हमें आहत किया गया है इससे हम दु:खी हैं ।

आसन द्वारा कहा गया कि सभी पार्टी के दलीय नेताओं के साथ हमलोग भोजनावकाश के समय बैठक किए और इस विषय को हमने आज सदन प्रारंभ होने के समय साफ शब्दों में कहा था कि सदन सबके सहयोग से चलता है और सदन में सभी माननीय सदस्यों के सम्मान और व्यक्तिगत भावना पर कोई चोट नहीं पहुंचाया जा सकता है । कभी-कभी आपस में एक दूसरे पर टिप्पणी करते हैं और वही कभी कभी गंभीर हो जाता है ।

माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा आसन से कहा गया कि आपने अभी सभी दलीय नेताओं को बुलाया और बात-चीत के उपरांत नतीजा सामने आ गया, आपने जो रास्ता निकाला उसपर हमसब को अमल करना चाहिए ।

माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा कहा गया कि माननीय अध्यक्ष द्वारा सभी प्रमुख विपक्षी नेताओं को अपने कक्ष में बुलाया गया और बातचीत करके मामला सुलझा लिया गया । सरकार किसी भी माननीय सदस्य को अपमानित करने की मंशा न रखती थी और न रखती है । साथ ही सरकार की ओर से प्रथम पाली में हुए प्रकरण के लिए खेद प्रकट किया और अनुरोध किया कि सदन की कार्रवाई चलने दें ।

आसन द्वारा कहा गया कि माननीय सदस्यों के हित में सदन में कार्य किया जाता है, माननीय सदस्य हों या माननीय मंत्री हों नियम सबके लिए बराबर है और इस सदन में सम्मान भी सबका समान है । साथ ही विपक्ष के सभी माननीय सदस्यों अपने-अपने सीट पर जाने एवं सदन की कार्रवाई चलाने का अनुरोध किया गया ।

किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्रवाई 03.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

**स्थगनोपरांत :-**

(03.00 बजे अपराह्न से 03.20 बजे अपराह्न तक)

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)**

सदन कार्रवाई प्रारंभ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा कहा गया कि संसदीय कार्य मंत्री इस विषय पर अपना वक्तव्य दे दिए हैं इसलिए दोनों पक्षों को मर्यादा की सीमा का पालन करना चाहिए ।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से बार-बार अपने स्थान पर जाने एवं सदन को चलाने का अनुरोध किया गया ।

किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही वृहस्पतिवार, दिनांक-25 फरवरी, 2021 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-24.02.2021

**राज कुमार सिंह**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।